


प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**INDIANS LIVING ABROAD ARE EQUAL PARTNERS IN INDIA'S DEVELOPMENT AND MODERNIZATION: LOK SABHA SPEAKER/विदेश में रहने वाले भारतीय भारत के विकास और आधुनिकीकरण में बराबर के भागीदार हैं: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER URGES INDIAN DIASPORA IN RUSSIA TO PROMOTE SANATAN CULTURE, YOGA, ANCIENT KNOWLEDGE AND DIVERSITIES/लोक सभा अध्यक्ष ने रूस में रह रहे भारतीय प्रवासियों से सनातन संस्कृति, योग, पुरातन ज्ञान और हमारी सांस्कृतिक विविधताओं का प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया**

**…**

**INDIA–RUSSIA FRIENDSHIP IS BASED ON FOUNDATION OF MUTUAL TRUST AND MUTUAL RESPECT: LOK SABHA SPEAKER/भारत और रूस की मैत्री परस्पर विश्वास और सम्मान पर आधारित है: लोक सभा अध्यक्ष**

**…**

**LOK SABHA SPEAKER ADDRESSES INDIAN DIASPORA IN MOSCOW/लोक सभा अध्यक्ष ने मास्को में रह रहे भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया**

**…**

**Moscow; 14 July, 2024:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla, who was leading an Indian Parliamentary Delegation to the 10th BRICS Parliamentary Forum at St. Petersburg, Russia, addressed members of Indian Diaspora at Moscow.

Appreciating the contributions of Indian Diaspora to nation building in India, Shri Birla opined that Indians living abroad are equal partners in India's development and modernization. Indians living in Russia are country’s brand ambassadors and their actions, contribution, and achievements shape the image of India in Russia, he added. Indian community in Russia who have a reputation as a disciplined, hardworking and law-abiding people have made every Indian proud by their contributions to the development of both Russia and India. Despite small in number, their active and vibrant participation in cultural events and festivals of India are noteworthy, observed Shri Birla. He urged the Indian Diaspora to promote their motherland in Russia and continue to strengthen the relationship between the two countries. Referring to participation of Russians in Indian festivals, Shri Birla noted that such People to People connect is the strength of bilateral relations between the two countries. Mentioning the curiosity of Russians about Indian culture and diversities, Shri Birla encouraged them to spread awareness about India’s rich Sanatan culture, Yoga, ancient knowledge, and diversities among the Russians and to encourage them to visit India.

Recalling the recent visit of the Prime Minister Shri Narendra Modi and his interaction with the Indian community in Russia, Shri Birla elaborated how the present government has started a new era of change, development and prosperity in the country. Shri Birla observed that even after becoming the Prime Minister for the third time, his energy, his enthusiasm for serving the country and his resolve for a developed India give eternal inspiration to others to serve the country selflessly. Changes that are taking place in India have enhanced respect for Indians at the global level and have enhanced the value of Indian passport, added Shri Birla.

Speaking on the relationship between India and Russia, Shri Birla said that bond between the two countries is based on the foundation of mutual trust and mutual respect. Whenever India or Russia has faced any challenge, both the countries have supported each other. There has been a unique relationship between India and Russia, a relationship of friendship, and of family. Russia has been India's partner in happiness and sorrow, India's trusted friend, mentioned Shri Birla. The relationship covers almost every sphere, including cooperation in security, defence, trade, economy, science and technology, satellite navigation and remote sensing, education and culture, he added. He urged the Indian Diaspora to further cement the ties and promote shared interests.

Shri Birla thanked the Indian community for the warmth, goodwill and hospitality. He also thanked the Indian Embassy in Moscow for organising his interaction with the Indian Diaspora there.

**मास्को; 14 जुलाई, 2024:** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में 10वें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने मॉस्को में प्रवासी भारतीयों को संबोधित  किया।

राष्ट्र निर्माण में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के विकास और आधुनिकीकरण में बराबर के भागीदार हैं। उन्होंने कहा कि रूस में रह रहे भारतीय देश के ब्रैंड एंबेसडर हैं और अपने कार्यों, योगदान और उपलब्धियों से ही वे भारत की छवि गढ़ते हैं। रूस में भारतीय समुदाय के लोगों को अनुशासनप्रिय, मेहनती और कानून का पालन करने वाले प्रवासियों के रूप में जाना जाता है और इन्हीं प्रवासियों ने रूस और भारत दोनों के विकास में योगदान करके प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। श्री बिरला ने कहा कि संख्या में कम होने के बावजूद, भारत के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्योहारों में उनकी सक्रिय और जीवंत भागीदारी रहती है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से रूस में अपनी मातृभूमि के बारे में जानकारी देने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने का आग्रह किया। भारतीय त्योहारों में रूस के लोगों के शामिल होने के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच घनिष्ठ संबंध ही हमारे द्विपक्षीय संबंधों का आधार हैं । इस बात का उल्लेख करते हुए कि रूस के लोगों के मन में भारतीय संस्कृति और विविधताओं के बारे में जानने की उत्सुकता है, श्री बिरला ने प्रवासी भारतीयों से आग्रह किया कि वे भारत की समृद्ध सनातन संस्कृति, योग, पुरातन ज्ञान और यहाँ की  विविधताओं के बारे में रूस के लोगों को जानकारी दें और उन्हें भारत आने के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रधानमंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हाल में की गई  रूस यात्रा और रूस में भारतीय समुदाय के साथ उनकी बातचीत का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से देश में बदलाव, विकास और समृद्धि का एक नया युग आरंभ हुआ है। श्री बिरला ने यह भी

कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भी मोदी जी की ऊर्जा, देश सेवा के लिए उनके उत्साह और विकसित भारत के उनके संकल्प से सभी को निस्वार्थ भाव से देश की सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहे बदलावों से वैश्विक स्तर पर भारतीयों का सम्मान बढ़ा है और भारतीय पासपोर्ट का महत्व भी बढ़ा है।

भारत और रूस के बीच संबंधों के बारे में बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के संबंध परस्पर विश्वास और सम्मान पर आधारित हैं। जब भी भारत या रूस को किसी चुनौती का सामना करना पड़ा है, दोनों देशों ने एक-दूसरे का साथ दिया है। भारत और रूस के बीच एक अनूठा रिश्ता रहा है, दोस्ती का और परिवार का रिश्ता रहा है। श्री बिरला ने कहा कि रूस भारत के सुख-दुख का साथी रहा है और भारत का भरोसेमंद दोस्त भी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, रक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सैटेलाइट नेविगेशन और रिमोट सेंसिंग, शिक्षा और संस्कृति में सहयोग सहित लगभग हर क्षेत्र में दोनों देशों के बीच साझेदारी रही है। श्री बिरला ने प्रवासी भारतीयों से दोनों देशों के संबंधों को और मजबूत बनाने और साझा हितों को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

श्री बिरला ने भारतीय समुदाय के लोगों को गर्मजोशी और सद्भावना से किए गए आतिथ्य-सत्कार के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस संवाद का अवसर प्रदान करने के लिए मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास को भी धन्यवाद दिया।